# FORM NO. III

## फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत——जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

महेश वगै0 बनाम जगदीश प्रसाद वगै0

किस्म मुकदमा— स्थानान्तरण प्रा0पत्र नम्बर 56—सन्— 2025

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 15.09.2025 | अधिवक्ता प्रार्थीगण उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1 उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1 ने दलील दी कि पीठासीन अधिकारी उपखंड अधिकारी दौसा के पद पर श्री मूलचंद लूनिया का अन्यत्र स्थानान्तरण हो चुका है। पीठासीन अधिकारी उपखंड अधिकारी दौसा के पद पर अन्य अधिकारी कार्यरत है। जिस पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, उनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से अब यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र विचाराधीन रखे जाने का कोई औचत्य नहीं रह गया है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज फरमाया जावे। अधिवक्ता प्रार्थीगण ने उक्त स्थानान्तरण प्रा0पत्र को खारिज किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। श्री मूलचंद लूनिया, उपखंड अधिकारी दौसा के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रा0पत्र प्रस्तुत किया गया है वे वर्तमान में उपखंड अधिकारी दौसा के पद पर कार्यरत नहीं है। अतः स्थानान्तरण प्रा.पत्र विचाराधीन रखे जाने का अब कोई औचित्य नही रहा गया है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। आदेशिका की प्रति उपखंड अधिकारी दौसा को पालनार्थ प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। खुले न्यायालय सुनाया गया।<br><br>सत्यमेव जयते<br>Web Copy - Not Official<br><br>जिला कलक्टर<br>दौसा<br><br>Signature Not Verified<br>Digitally signed by Devendra Kumar<br>Date: 2025.10.08 14:23:26 IST<br>Reason: SelfAttested | |